MSW-001
MSW-002
MSW-005
MSW-003
MSW-004
MSW-006
MSWE-010
MSW-032

# समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष)

# सत्रीय कार्य : 2024–2025

पाठ्यक्रम शीर्षक

| | | |
|---|---|---|
| एम.एस.डब्ल्यू–001 | : | समाज कार्य का उद्गम और विकास |
| एम.एस.डब्ल्यू–002 | : | व्यावसायिक समाज कार्य : भारत परिप्रेक्ष्य |
| एम.एस.डब्ल्यू–005 | : | समाज कार्य में प्रयोग और पर्यवेक्षण |
| एम.एस.डब्ल्यू.–003 | : | आधारभूत सामाजिक विज्ञान की संकल्पनाएं |
| एम.एस.डब्ल्यू.–004 | : | समाज कार्य एवं सामाजिक विकास |
| एम.एस.डब्ल्यू.–006 | : | समाज कार्य अनुसंधान |
| एम.एस.डब्ल्यू.ई.–010 | : | अफ्रीका के संदर्भ में समाज कार्य |
| एम.एस.डब्ल्यू–032 | : | समाज कार्य और आपराधिक न्याय |

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीखः

जुलाई,2024 सत्र – 31 मार्च,2025

जनवरी,2025 सत्र – 30 सितम्बर,2025

नोट : कृपया उन पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य लिखें जिन्हें आपने चुना है।

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के एम.एस.डब्ल्यू. (प्रथम वर्ष)कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें। एम.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के एम.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30% भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**डॉ. सौम्या**
(कार्यक्रम समन्वयक)

# समाज कार्य में प्रयोग और पर्यवेक्षण

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू–005**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) भारतीय परिदृश्य में क्षेत्र प्रशिक्षण में समस्याओं पर चर्चा करें। 20

अथवा

व्यक्तियों, परिवारों और समूहों के साथ काम करने में सीखने की अपेक्षाओं को प्रस्तुत करें। 20

2) सामान्य तनाव, उसके प्रभाव और तनाव से निपटने के तरीकों पर प्रकाश डालें। 20

अथवा

स्वास्थ्य देखभाल समाज कार्य में अभ्यास के क्षेत्रों की व्याख्या करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (**300** शब्दों में) दीजिए:

क) चर्चा करें कि किसी को समाज कार्य अभ्यास के लिए खुद को कैसे तैयार करना है। 10

ख) समाज कार्य अभ्यास में छात्रों की सीखने की अपेक्षाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से लिखें। 10

ग) पर्यवेक्षण के मॉडल की व्याख्या करें? 10

घ) सुधारात्मक सेटिंग में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिकाएँ क्या हैं? 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (**150** शब्दों में) दीजिए:

क) समाज कार्य अभ्यास में अंतःविषय अभ्यास और शिक्षा की आवश्यकता का उल्लेख करें। 5

ख) अभ्यास में सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा लागू किए जाने वाले सिद्धांतों की व्याख्या करें। 5

ग) पर्यवेक्षण में संघर्ष से निपटने के तरीके का वर्णन करें। 5

घ) फील्ड प्रैक्टिकम की निगरानी में महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालें। 5

ङ) छात्रों के मूल्यांकन मानदंडों पर चर्चा करें। 5

च) स्कूल सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (प्रत्येक लगभग **100** शब्दों में) लिखिए:

क) दूरस्थ शिक्षा प्रणाली 4

ख) एजेंसी–ग्राहक संबंध 4

ग) समाज कार्य प्रैक्टिकम में अभिविन्यास 4

घ) संकाय पर्यवेक्षक की भूमिका 4

ङ) उपदेशात्मक पर्यवेक्षण 4

च) जेनोग्राम और इकोमैप 4

छ) कॉर्पोरेट क्षेत्र 4

ज) दाता एजेंसियाँ 4